AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

इंटीग्रेटेड पीएचडी में लविवि देगा 50 हजार रुपये

सचिन त्रिपाठी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय शोध को बढ़ावा देने के लिए अब आर्थिक सहायता भी देगा। विद्यार्थियों को पूरी तरह से शोध के प्रति समर्पित बनाने के उद्देश्य से लखनऊ विवि इस साल से इंटीग्रेटेड पीएचडी की शुरुआत करने जा रहा है। इसमें परास्नातक में दाखिला लेने के बाद पीएचडी तक की उपाधि ली जा सकेगी। इसके लिए विद्यार्थियों को अलग से पीएचडी में दाखिला नहीं लेना होगा।

विवि ने तय किया है कि किसी प्रकार की स्कॉलरशिप न पाने वाले विद्यार्थी को इसमें थीसिस जमा करने पर 50 हजार रुपये भी दिए जाएंगे। इतना ही नहीं अगर शोध के दौरान विद्यार्थी किसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा जैसे-नेट या जेआरएफ में पास होता है तो फिर लविवि उसकी परास्नातक की पूरी फीस भी माफ करेगा। विवि की एकेडमिक काउंसिल से इसका प्रस्ताव हो चुका है। अंतिम मंजूरी के लिए इसे अब कार्य परिषद के सामने रखा जाएगा।

विवि प्रशासन के अनुसार काफी विद्यार्थी स्नातक स्तर से ही शोध के लिए गंभीर होते हैं। इन विद्यार्थियों को परास्नातक स्तर से ही शोध के लिए तैयार किया जाना चाहिए। इसको ध्यान में रखते हुए लविवि ने इंटीग्रेटेड पीएचडी की शुरुआत करने का फैसला किया है। इस



पूरी फीस माफ कराने का भी मिलेगा मौका

विभाग में शिक्षक की कम से कम 10 पोस्ट जरूरी

इंटीग्रेटेड पीएचडी आर्डिनेंस के अनुसार, पाठ्यक्रम में दाखिला परास्नातक स्तर पर होगा। इसकी सीट केवल उन्हीं विभागों में होगी जहां पर कम से कम शिक्षकों की 10 पोस्ट हो। 10 से कम पोस्ट वाले विभागों में इंटीग्रेटेड पीएचडी के दाखिले नहीं होंगे। इसके साथ ही एक विभाग में इंटीग्रेटेड पीएचडी की अधिकतम पांच सीट की बाध्यता प्रस्तावित आर्डिनेंस में शामिल है।

लविवि के इंटीग्रेटेड पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी को स्नातक स्तर पर कम से कम 60 फीसदी नंबर लाना जरूरी होगा। दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा, एकेडमिक इंडेक्स तथा साक्षात्कार को आधार बनाया जाएगा। प्रवेश परीक्षा और एकेडमिक इंडेक्स का भाग 40-40 फीसदी तथा साक्षात्कार 20 फीसदी भाग के लिए होगा। दाखिले के बाद परास्नातक पाठ्यक्रम में विद्यार्थी को दो साल की अवधि में 96 क्रेडिट पूरे करने होंगे। इसके साथ ही 55 फीसदी नंबर या फिर 5.5 सीजीपीए की अनिवार्यता भी पीएचडी की उपाधि के लिए जरूरी होगी। जो विद्यार्थी इन्हें पूरा नहीं कर पाएंगे, उनको परास्नातक कोर्स की डिग्री लेकर पाठ्यक्रम छोड़ने को कहा जाएगा। शोध का टॉपिक आवंटित होने के बाद विद्यार्थी को न्यूनतम दो साल में थीसिस जमा करनी होगी। विद्यार्थी को कोर्स की अवधि के दौरान 75 फीसदी उपस्थिति भी दिखानी होगी। ऐसा न करने पर उसे डिग्री आवंटित नहीं की जाएगी।

स्नातक में 60 फीसदी नंबर पर मिलेगा दाखिला

पाठ्यक्रम में दाखिला लेने पर विद्यार्थी को पीजी के साथ ही पीएचडी की उपाधि भी मिलेगी। कोर्स की अवधि भी सिर्फ पांच साल ही होगी। इस तरह से पांच साल की अवधि में विद्यार्थी पीजी और पीएचडी दोनों उपाधि प्राप्त कर पाएगा। लविवि ने छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए थीसिस जमा करने पर उन्हें एकमुश्त 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का प्रस्ताव तैयार किया है। शर्त यह है कि उसे अन्य स्रोत से कोई स्कॉलरशिप न मिल रही हो। पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा पास करने पर पूरे परास्नातक पाठ्यक्रम की फीस वापस करने का प्रस्ताव भी इंटीग्रेटेड पीएचडी के ऑर्डिनेंस में शामिल किया गया है।

इंजीनियरिंग संकाय में यूवी डॉक्यूमेंट सैनिटाइजिंग चैंबर का उद्घाटन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने न्यायमूर्ति डीपी सिंह की उपस्थिति में यूवी डॉक्यूमेंट सैनिटाइजिंग चैंबर का उद्घाटन किया। इसका निर्माण इंजीनियर अभिजीत मौर्य (अभियांत्रिकी संकाय) द्वारा किया गया है। अभिजीत मौर्य ने बताया कि सैनिटाइजिंग चैंबर बनाने का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों में प्रपत्रों द्वारा कोरोना वायरस के फैलते हुए संक्रमण को कम करना है। सैनिटाइजिंग चैंबर में प्रपत्रों को यूवी किरणों द्वारा विसंक्रमित कर संक्रमण के खतरे को कम किया जा सकेगा। इस मौके पर प्रोफेसर आरएस गुप्ता, इंजीनियर वीरेंद्र मिश्रा, डॉ. हिमांशु पांडेय और अभिजीत मौर्य उपस्थित रहे।

1089 केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा आज

लखनऊ। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को प्रदेश के 73 जिलों के 1089 केंद्रों पर होगी। इसमें 4.31 लाख परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा दो पाली में सुबह नौ से 12 तथा दोपहर दो से पांच बजे तक होगी।

परीक्षा आयोजित करा रहे लखनऊ विश्वविद्यालय ने केंद्रों पर सभी कक्षाओं व फर्नीचर आदि को एक दिन पहले ही सैनिटाइज कराया है। प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि प्रदेश में 14 नोडल व चार उपनोडल केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के सैनिटाइजेशन के लिए पर्यवेक्षक व एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति की गई है। ब्यूरो

लविवि और कॉलेजों में स्टार्टअप के लिए बनाया जाएगा ई-प्रकोष्ठ

लखनऊ। विद्यार्थियों के स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय और सभी महाविद्यालयों में अनिवार्य रूप से ई-प्रकोष्ठ की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही स्टार्टअप में लगे विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम के बीच में ही एक वर्ष का अंतराल मिलेगा। इस दौरान वे अपने स्टार्टअप पर काम करेंगे। एक साल की अवधि के बाद वे दोबारा अपना कोर्स ज्वॉइन करेंगे। इसके बावजूद उन्हें रेग्युलर विद्यार्थी ही माना जाएगा। लविवि ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए अपनी स्टार्टअप नीति के प्रस्ताव में इस तरह के कई बिंदु शामिल किए हैं। इस नीति को लविवि की अगली कार्य परिषद की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। सरकार ने विद्यार्थियों में स्टार्टअप की भावना विकसित करने के लिए संस्थानों को स्टार्टअप नीति तैयार करने का निर्देश दिया है। इस नीति में विद्यार्थियों को अपना उद्यम शुरु करने के लिए तैयार किया जाना है। लखनऊ विवि ने भी अपनी स्टार्टअप नीति तैयार कर ली है। इसके तहत सभी संस्थान में ई-प्रकोष्ठ शुरू किए जाएंगे। इसके साथ ही स्टार्टअप मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में अच्छे स्टार्टअप का प्लान देने वाले विद्यार्थी को विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।

स्टार्टअप मेले का भी होगा आयोजन

हैकाथॉन में तीन स्टार्टअप को मिलेगा आर्थिक सहयोग: लखनऊ विवि ने अपनी नीति में हैकाथॉन आयोजन को भी शामिल किया है। हैकाथॉन में स्टार्टअप के विचारों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रहने वाली तीन प्रविष्टियों को वित्तीय सहयोग कर उनके विचारों को विकसित करने में मदद की जाएगी। इस विचार को विकसित करने में विशेषज्ञों की मदद भी ली जाएगी।

बीएड प्रवेश परीक्षा आज, चार सेक्टर मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ में रविवार को 82 केंद्रों पर 30,400 परीक्षार्थी बीएड प्रवेश परीक्षा देंगे। परीक्षा के आयोजन के लिए बीएड प्रवेश परीक्षा के लखनऊ के नोडल प्रभारी प्रो. ध्रुव सेन सिंह ने बैठक की। उन्होंने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। कोविड-19 के तहत प्रत्येक परीक्षार्थी के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखते हुए हर परीक्षा केंद्र पर परीक्षा कक्षों तथा फर्नीचर को सैनिटाइज किया गया है।

दो पाली में होने वाली इस परीक्षा के लिए प्रत्येक केंद्र पर हैंड सैनिटाइजर, मास्क और थर्मल स्कैनर की व्यवस्था भी की गई है। प्रो. ध्रुवसेन सिंह ने बताया कि केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा जाएगा। बगैर

राजधानी के 82 केंद्रों पर 30 हजार परीक्षार्थी देंगे बीएड प्रवेश परीक्षा

मास्क के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा का सीटिंग प्लान बड़े बैनर/फ्लैक्स पर पर्याप्त आकार एवं ऊंचाई पर लगाया गया है। लविवि ने प्रवेश परीक्षा को सुचारु रूप से कराने के लिए 164 पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं।

इस प्रवेश परीक्षा में चार सेक्टर मेजिस्ट्रेट लगाए जा रहे हैं। लखनऊ केंद्र के लिए एक बीएड कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका हेल्पलाइन नंबर 0522-2740848 है। अगर किसी भी परीक्षार्थी में संक्रमण के लक्षण हैं या फिर संदेह हो तो इस बारे में कोविड कंट्रोल रूम 0522-4523000 अथवा 0522-2610145 पर सूचना दी जा सकती है।

NBT PAGE 1 & 5

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2020 आज, एलयू की तैयारी पूरी

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय रविवार को प्रदेश में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2020 करवाने जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में 14 नोडल और चार उपनोडल केंद्र बनाए गए हैं। नकल रोकने के लिए हर केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो ऑडियो रेकॉर्डिंग भी करेंगे। परीक्षा की वेब-कास्टिंग की जाएगी। वहीं, इसकी मॉनिटरिंग के लिए लविवि के टैगोर लाइब्रेरी की साइबर लाइब्रेरी में 100 कंप्यूटर के साथ कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां से पूरे प्रदेश में बने परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी।

बीएड प्रवेश परीक्षा कोऑर्डिनेटर अमिता वाजपेई के मुताबिक, सभी जिलों में प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच चुकी हैं। परीक्षा से संबंधित कॉन्फिडेंशल मटेरियल शनिवार को प्रदेश के हर जिले के ट्रेजरी में रखा जा चुका है। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम रविवार सुबह 5 बजे से सक्रिय हो जाएगा और सभी टीमें अपने जिले का जिम्मा संभाल लेंगी।

विशेष टीम ने दूर कीं अभ्यर्थियों की समस्याएं

परीक्षा केंद्र की सूचना, पासवर्ड न होने और एडमिट कार्ड न खुलने की समस्या को देखते हुए शनिवार को सुबह चार लोगों की विशेष टीम बनाई गई। प्रो. वाजपेई के मुताबिक, टीम ने अभ्यर्थियों की समस्याएं सुलझाईं। उन्होंने बताया कि जिन्होंने पासवर्ड, मेलआईडी गलत भरे और जिनके सिग्नेचर और फोटो मैच नहीं हुए, उन अभ्यर्थियों को सेंटर पर ओरिजनल आईडी प्रूफ साथ लाने को कहा गया है।

खुला रहेगा यातायात

प्रो. वाजपेई ने बताया कि आने-जाने की समस्या को लेकर भी काफी फोन आते रहे। इसमें बताया गया कि लॉकडाउन होने के बावजूद नौ अगस्त को परीक्षार्थियों को आने-जाने की पूरी छूट मिलेगी। साथ ही सार्वजनिक और निजी बस, ऑटो, टेंपो भी चलेंगे।

औचक निरीक्षण के लिए बनीं पांच टीमें

प्रो. वाजपेई ने बताया कि आसपास के शहरों में जाकर औचक निरीक्षण करने के लिए भी 5 विशेष टीमें बनाई गई हैं। हर टीम में तीन से चार लोग मौजूद रहेंगे। यह टीम नकल रोकने का काम करेगी।

सौ मीटर में धारा 144

प्रो. वाजपेई ने बताया कि सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों ने लविवि प्रतिनिधियों के साथ शनिवार देर शाम तक निरीक्षण किया। साथ ही सैनिटाइजेशन करवाने के बाद परीक्षा केंद्रों को बंद कर दिया गया। बताया कि परीक्षा के दौरान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी।

टैगोर लाइब्रेरी से पूरे प्रदेश पर नजर

परीक्षार्थी रखें ध्यान
- सेंटर पर एक घंटे पहले पहुंचें।
- सेंटर पर ओरिजनल आईडी जरूर लाएं।
- दो पॉलियों में सुबह नौ से 12 और दो से पांच होगी परीक्षा।
- साथ रखें सैनिटाइजर और मास्क जरूर लगाएं।

बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में बनाए गए कंट्रोलरूम से सभी केंद्रों पर नजर रखी जाएगी।

राजधानी में...
82 परीक्षा केंद्र
30400 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

प्रदेश में...
73 जिलों में 1089 केंद्र
4,31,904 परीक्षार्थी शामिल होंगे
164 पर्यवेक्षक लगाए गए

परीक्षा का वक्त
पहली पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे
दूसरी पाली दोपहर में 2 बजे से 5 तक

यहां करें फोन
कोविड हेल्पलाइन नंबर 0522-4523000, 2610145
सेंट्रल कंट्रोल रूम नंबर 0522-2740848

परीक्षा केंद्र बने नेशनल कॉलेज में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाए जाने के लिए बनवाए गए गोले, सैनिटाइजेशन भी हुआ।

कोविड-19 से बचाव के पूरे इंतजाम

परीक्षा केंद्रों पर कोविड-19 से बचाव के पूरे इंतजाम किए गए हैं। केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाने के लिए गोले बनाए गए हैं। साथ ही हर प्रवेश द्वार के दोनों ओर फुट सैनिटाइजर मशीन लगाई गई है। साथ ही एक डेस्क भी लगाई गई है जहां अभ्यर्थियों को मास्क मुहैया करवाया जाएगा।

एसटीएफ की टीमें भी मुस्तैद

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊः बीएड प्रवेश परीक्षा पर एसटीएफ नजर बनाए हुए हैं। आईजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि वैसे तो सभी 73 जिलों में परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी जा रही है, लेकिन प्रयागराज और आगरा में एसटीएफ टीमों को विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इन दोनों जिलों में पहले प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली पकड़ी जा चुकी है।

बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आज चलेंगे ऑटो-बस

■ एनबीटी, लखनऊ : बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के मद्देनजर कमिश्नर सुजीत पांडेय ने वीकेंड लॉकडाउन के बावजूद रविवार को टेंपो, टैक्सी, ओला, उबर, प्राइवेट व सरकारी बसों के संचालन की अनुमति दे दी है। लखनऊ में परीक्षा के 82 केंद्र हैं। लॉकडाउन के बाद यह पहली ऑफलाइन परीक्षा है।

आईकार्ड व ऐडमिट कार्ड से ही मिलेगी लॉकडाउन में यात्रा करने की अनुमति

एडीसीपी यातायात सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि रविवार को होने वाली बीएड परीक्षा के कारण यह ढील दी गई है। वीकेंड लॉकडाउन की बाकी शर्तें पहले की तरह लागू होंगी। बसों आदि में भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा। यह आदेश शुक्रवार देर रात जारी किया गया था। ऐसे में शनिवार को भी सिटी बस व ऑटो चले और दूसरे जिलों से आने वाले अभ्यर्थियों ने गंतव्य तक जाने के लिए उनका इस्तेमाल भी किया। आदेश के मुताबिक परीक्षा से संबंधित कर्मियों, परीक्षार्थियों को अपने साथ परिचयपत्र, प्रवेशपत्र रखना होगा। इसे दिखाकर वे यात्रा कर सकेंगे। ▸▸पेज 5

एलयू में सैनिटाइज होंगे डॉक्यूमेंट्स

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को यूवी डॉक्यूमेंट्स सैनिटाइजिंग चेंबर का उद्घाटन पूर्व न्यायाधीश डीपी सिंह ने किया। इसे इं. अभिजीत मौर्य ने बनाया है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक राय, आरएस गुप्ता, इं. वीरेंद्र मिश्रा, डॉ. हिमांशु पांडे मौजूद रहे। इं.अभिजीत मौर्य ने बताया कि सैनिटाइजिंग चैंबर से यूवी किरणों के माध्यम से कार्यालयों में डॉक्यूमेंट्स को सैनिटाइज किया जा सकता है।

योग पर आधारित पुस्तक का विमोचन

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में 'योग का दर्शनिक एवं वैधानिक विमर्श' पुस्तक का विमोचन शनिवार को किया गया। इस पुस्तक को पूर्व न्यायाधीश डीपी सिंह और शिक्षक डॉ.अमरजीत यादव ने लिखा है। समारोह में कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने कहा कि एलयू में योग एवं अल्टरनेटिव मेडिसिन संकाय की स्थापना कि गई है। यह पुस्तक योग के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

HINDUSTAN PAGE 1 & 6

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा आज

लखनऊ। संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2020 रविवार को होगी। राजधानी समेत प्रदेश भर के 73 जिलों में बने कुल 1089 केन्द्रों पर 4.32 लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रवेश परीक्षा दो पॉलियों में सुबह नौ से 12 बजे तक और दोपहर दो से पांच बजे तक होगी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रतिबंध के दिन भी वाहनों को आने-जाने की छूट दी जाएगी। ➤ब्योरा पेज 06

कैमरे की नजर में आज परीक्षा होगी

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2020 का आयोजन रविवार को किया जाएगा। राजधानी समेत प्रदेश भर के 73 जिलों में बने कुल 1089 केन्द्रों पर 4.32 लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। दो पॉलियों में सुबह नौ से 12 और दोपहर 2 से पांच बजे तक परीक्षा होगी। वहीं लखनऊ में 82 केन्द्र बनाए गए हैं, जहां करीब 31 हजार परीक्षार्थी पेपर देंगे। परीक्षा में नकल रोकने और व्यवस्था बनाने रखने के लिए एसटीएफ को लगाया गया है।

परीक्षा की जिम्मेदारी लखनऊ विश्वविद्यालय के पास है। प्रवेश परीक्षा राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। प्रत्येक केन्द्र पर सैनिटाइजेशन कराया गया है। थर्मल स्कैनिंग व अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

यूपी बोर्ड की तर्ज पर होगी निगरानीः प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि सभी जिलों में प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच चुकी हैं। लविवि की टैगोर लाइब्रेरी की साइबर लाइब्रेरी में कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां 100 कम्प्यूटर लगाए गए हैं, जिनसे सभी परीक्षा केंद्रों पर निगरानी की जाएगी। एक कम्प्यूटर पर 10-12 जिलों की निगरानी होगी। यूपी बोर्ड में हजरतगंज स्थित माध्यमिक निदेशालय में बने कंट्रोल रूम की तर्ज पर यह कंट्रोल रूम तैयार किया गया है। परीक्षा के दौरान कोई संदिग्ध चीज दिखती या सुनाई पड़ती है तो तत्काल जांच कराई जाएगी।

लखनऊ मांटेसरी स्कूल में शनिवार को बीएड परीक्षा के लिए तैयारियां की गईं।

परीक्षा केंद्र बदला

आजमगढ़ में तेज बारिश के बाद परीक्षा केन्द्र बदला गया। यहां का बांध टूट गया था, जिससे परीक्षा केन्द्र में पानी भर गया। प्रो. अमिता बाजपेई ने अभ्यर्थियों को मेल, व्हॉट्सएप, मैसेज से नए परीक्षा केंद्र की सूचना दी।

परीक्षार्थी ध्यान रखें

- परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले केन्द्र पर पहुंचें।
- सैनिटाइजर लेकर जाना व मास्क पहनना अनिवार्य है।
- अपना वास्तविक पहचान पत्र जरूर लेकर जाएं।

82 हजार केंद्र लखनऊ में बनाए गए

सुविधा

ऑटो-टेम्पो, ओला-उबर, सिटी बसें आज चलेंगी

राजधानी में रविवार को कई प्रतियोगी परीक्षाएं हैं। जिसमें बीएड की संयुक्त परीक्षा के अलावा अन्य परीक्षाएं भी शामिल हैं। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के संचालन को मंजूरी दी है। ऑटो संघ के अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने बताया कि इस शनिवार और रविवार को ऑटो रिक्शा, टेम्पो, ओला उबर व सिटी बसें चलेंगी। ये वाहन बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन से परीक्षा केंद्रों तक संचालित होंगे। जिला प्रशासन की ओर से पुलिस प्रशासन को भी सूचना दी गई है। जहां परीक्षार्थियों के परिचय पत्र के अंधार पर ही आने जाने की अनुमति होगी।

i-NEXT PAGE 1 & 9

सॉल्वर गिरोह पर रहेगी एसटीएफ की निगाह

बीएड प्रवेश परीक्षा में लखनऊ, आगरा व प्रयागराज में रहेगी खास सक्रियता

CONCEPT PIC

LUCKNOW : बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2020 के दौरान रविवार को स्पेशल टॉस्क फोर्स की कई टीमें सक्रिय रहेंगी। सॉल्वर गिरोह पर एसटीएफ की कड़ी नजर रहेगी। खासकर लखनऊ, आगरा, प्रयागराज व कुछ अन्य बड़े शहरों में सॉल्वर गिरोह पर अतिरिक्त नजर रखने के निर्देश भी हैं। एसटीएफ मुख्यालय के अधिकारियों को मॉनीटरिंग में लगाया गया है। सूबे के 73 जिलों में रविवार को 10 हजार से अधिक परीक्षा केंद्रों पर बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2020 आयोजित होगी। डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा-व्यवस्था व कोविड-19 के संबंध में जारी गाइडलाइन का सख्ती से अनुपालन कराने के निर्देश पहले ही दे चुके हैं। एसटीएफ को भी परीक्षा के दृष्टिगत सक्रिय कर दिया गया है। एसटीएफ पूर्व में विभिन्न परीक्षाओं के दौरान पकड़े गए सॉल्वर गिरोह के सदस्यों की निगरानी करने के साथ ही नए गिरोह के बारे में भी छानबीन कर रही है। एसटीएफ की सभी इकाइयों के अधिकारियों को भी इसे लेकर निर्देश दिए गए हैं।

आज होगा एग्जाम.

सिटी बसें चलाई जाएंगी

बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर शहर में 65 सिटी बसें चलाई जाएंगी. इसमें 40 बसें दुबग्गा से और 25 नगर बसें गोमतीनगर डिपो से संचालित होंगी. एमडी आरके मंडल ने बताया कि परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ने पर बसों में और इजाफा किया जाएगा. इस दौरान गाइडलाइन का पूरी तरह पालन किया जाएगा.

लखनऊ में ये है तैयारी

बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए लखनऊ विवि के प्रो ध्रुव सेन सिंह को नोडल प्रभारी बनाया गया है. प्रो सिंह ने बताया कि लखनऊ में कुल 82 केंद्र बनाए गए हैं. यहां कुल 30,400 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे. प्रवेश परीक्षा के लिए 164 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं. लखनऊ केंद्र के लिए एक बीएड कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 0522-2740848 है. अगर किसी भी परीक्षार्थी में कोविड के लक्षण का संदेह हो तो इस बारे में कोविड कंट्रोल रूम 0522-4523000 अथवा 0522-2610145 पर अविलंब सूचित करना होगा.

फर्जी कैंडीडेट्स अब बच नहीं पाएंगे

LUCKNOW (8 Aug, inext): कोरोना संक्रमण के खौफ से शिक्षक संगठन एक तरफ परीक्षा का विरोध कर रहा है. दूसरी ओर एलयू प्रशासन परीक्षा बेहतर तकनीकी से कराने में जुटा है. परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थियों को रोकने के लिए प्रशासन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीक का इस्तेमाल किए जाने का दावा भी किया गया. विवि प्रशासन का दावा है कि सभी परीक्षा केंद्रों पर एआई आधारित फेस डिटेक्शन सिस्टम लगवाए जाएंगे. इससे कोई फर्जी परीक्षार्थी अंदर नहीं जा पाएगा. एआई तकनीक अभ्यर्थी के चेहरे की कुल 27 जगहों की सूचनाओं को एकत्र करके उसको डिजिटल डाटा में बदलेगी, फिर फोर डाइमेंशन में चेहरे की जांच करेगी. इसमें अभ्यर्थी की आयु, बाल, चश्मा, लिंग आदि के जरिए उसका मिलान किया जाएगा. परीक्षा में न सिर्फ परीक्षार्थियों, बल्कि कक्ष निरीक्षकों और नोडल अधिकारियों की उपस्थिति पर भी नजर रहेगी. क्योंकि संक्रमण के खतरे को देखते हुए तरह-तरह की अटकलें भी लगाई जा रही हैं. ऐसे में देखना होगा की इनकी उपस्थिति क्या रहेगी.

तलाशी लेने वाले पहनेंगे पीपीई किट- डीएम अभिषेक प्रकाश ने बताया कि परीक्षा के दौरान केंद्रों पर कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन कराया जाएगा. इन केंद्रों पर गेट पर परीक्षार्थियों की तलाशी लेने वाले शिक्षकों को पीपीई किट पहनना अनिवार्य होगा. परीक्षार्थियों को हाथ सेनेटाइज करने के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा. परीक्षा कक्ष में एग्जामिनर्स व सभी परीक्षार्थियों को मास्क पहनना अनिवार्य होगा.

कोरोना संकट के बीच बड़ी परीक्षा आज

बीएड प्रवेश परीक्षा आज, एलयू के साथ प्रशासन के लिये भी चुनौती

CONCEPT PIC

LUCKNOW (8 Aug, inext): कोरोना संकट के दौर में संक्रमण के डर के बीच आज बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2020 आयोजित हो रही है. लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही इस परीक्षा में दावा किया गया है कि कोरोना को देखते हुए अभ्यर्थियों/ कक्ष निरीक्षकों/ नोडल अधिकारियों की सुरक्षा के सभी प्रोटोकॉल एवं निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है. हालांकि, यह एलयू के साथ-साथ प्रशासन के लिये भी किसी परीक्षा और चुनौती से कम नहीं साबित होने वाली. परीक्षा दो पालियों में होगी. पहली पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक व दूसरी पाली दोपहर दो बजे से पांच बजे तक होगी. सभी अभ्यर्थियों को कम से कम एक घंटा पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य किया गया है.

82 एग्जाम सेंटर लखनऊ में | **30** हजार से ज्यादा अभ्यर्थी

200 मी. के दायरे में धारा 144

राजधानी लखनऊ में आयोजित होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर पुलिस कमिश्नरेट भी खासा सतर्क है. ज्वाइंट कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर नवीन अरोड़ा ने बताया कि राजधानी के सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू की जाएगी. इसके तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास लोग झुंड बनाकर इकट्ठा नहीं हो सकेंगे. साथ ही इस दायरे में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक रहेगी. इसके साथ ही परीक्षा केंद्र में मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा.

कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2020 की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि ने बताया कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई है. एलयू में बने कंट्रोल रूम में मॉनीटरिंग की जाएगी. परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए आठ व नौ अगस्त को सभी पब्लिक ट्रांसपोर्ट, टैंपो, टैक्सी, प्राइवेट व सरकारी बसें सुचारु रूप से चलेंगी.

फेस डिटेक्टर से पकड़े... ▸PG 9

DAINIK JAGRAN PAGE 1 & 4

बीएड : 82 केंद्रों पर बैठेंगे 30 हजार परीक्षार्थी

कोरोना संक्रमण के मद्देनजर प्रशासन ने बनाया कंट्रोल रूम, नंबर जारी

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कराई जा रही बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को होगी। इसके लिए लविवि के प्रो ध्रुव सेन सिंह को नोडल प्रभारी बनाया गया है। प्रो सिंह ने बताया कि लखनऊ में कुल 82 केंद्र बनाए गए हैं। यहां कुल 30,400 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे।

प्रवेश परीक्षा के लिए 164 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। लखनऊ केंद्र के लिए एक बीएड कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 0522-2740848 है। अगर किसी भी परीक्षार्थी में कोविड के लक्षण का संदेह हो तो इस बारे में कोविड कंट्रोल रूम 0522-4523000 अथवा 0522-2610145 पर अविलंब सूचित करना होगा।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए चलाई जाएंगी 65 सिटी बसें : बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर शहर में 65 सिटी बसें चलाई जाएंगी। इसमें 40 बसें दुबग्गा से और 25 नगर बसें गोमतीनगर डिपो से संचालित होंगी। एमडी आरके मंडल ने बताया कि परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ने पर बसों में और इजाफा किया जाएगा।

1089 केंद्र बनाए गए हैं प्रदेश के 73 जिलों में | **164** पर्यवेक्षक प्रवेश परीक्षा के लिए किए गए नियुक्त | **09** से 12 बजे तक पहली पाली दूसरी दोपहर दो से पांच बजे तक

परीक्षा के लिए लखनऊ एंग्लो इंडियन कॉलेज में सैनिटाइजेशन करता कर्मचारी ● जागरण

फर्जी परीक्षार्थियों को दबोचने के लिए बनाया गया मास्टर प्लान

परीक्षा के लिए प्रदेश में 14 नोडल केंद्र, चार उप नोडल केंद्र बनाए गए हैं। लविवि प्रशासन का दावा है कि पूरे प्रदेश के अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए उनके निकटतम जनपद को चयनित करने की सुविधा दी गई थी। बीएड प्रवेश परीक्षा के लखनऊ नोडल प्रभारी प्रो. ध्रुव सेन सिंह ने बताया कि बगैर मास्क के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। कोरोना संक्रमण के खौफ से शिक्षक संगठन एक तरफ परीक्षा का विरोध कर रहा है। दूसरी ओर लविवि प्रशासन परीक्षा बेहतर तकनीकी से कराने में जुटा है। परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थियों को रोकने के लिए प्रशासन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीक का इस्तेमाल किए जाने का दावा भी किया गया। विवि प्रशासन का दावा है कि सभी परीक्षा केंद्रों पर एआइ आधारित फेस डिटेक्शन सिस्टम लगवाए जाएंगे। इससे कोई फर्जी परीक्षार्थी अंदर नहीं जा पाएगा। एआइ तकनीक अभ्यर्थी के चेहरे की कुल 27 जगहों की सूचनाओं को एकत्र करके उसको डिजिटल डाटा में बदलेगी, फिर फोर डाइमेंशन में चेहरे की जांच करेगी। इसमें अभ्यर्थी की आयु, बाल, चश्मा, लिंग आदि के जरिए उसका मिलान किया जाएगा। परीक्षा में न सिर्फ परीक्षार्थियों, बल्कि कक्ष निरीक्षकों और नोडल अधिकारियों की उपस्थिति पर भी नजर रहेगी। क्योंकि संक्रमण के खतरे को देखते हुए तरह-तरह की अटकलें भी लगाई जा रही हैं। ऐसे में देखना होगा की इनकी उपस्थिति क्या रहेगी।

73 जिलों में बीएड प्रवेश परीक्षा आज

जासं, लखनऊः कोरोना संक्रमण के बीच रविवार को बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2020 आयोजित हो रही है। परीक्षा के लिए प्रदेश में 14 नोडल केंद्र, चार उप नोडल केंद्र बनाए गए हैं। प्रदेश के 73 जिलों में 1089 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में कुल 431904 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि कोरोना

सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

को देखते हुए अभ्यर्थियों, कक्ष निरीक्षकों और नोडल अधिकारियों की सुरक्षा के सभी प्रोटोकॉल एवं निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक व दूसरी पाली दोपहर दो बजे से पांच बजे तक होगी। सभी अभ्यर्थियों को कम से कम एक घंटा पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य है। प्रो. बाजपेई ने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर सीसी कैमरे की व्यवस्था की गई है। लविवि में बने कंट्रोल रूम में मॉनिटरिंग की जाएगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए आठ व नौ अगस्त को सभी सार्वजनिक निजी यातायात, टेंपो, टैक्सी, प्राइवेट व सरकारी बस आदि परिवहन चलेंगे। संबंधित खबर » 4

THE PIONEER PAGE 3

30,500 candidates to take BEd-JEE today

PNS ■ LUCKNOW

Lucknow University has made special preparations for the successful conduct of BEd-JEE, which is scheduled to be held on Sunday. Prof Dhruv Sen Singh from Lucknow University said 30,500 candidates would be appearing for the exam at 82 centres in Lucknow. A BEd-JEE control room has been set up at Lucknow University and the helpline number for the same is 0522-2740848. "If any candidates is suspected to be carrying coronavirus infection, information can be given at 0522-4523000 and 0522-2610145," he said.

In the state, 14 nodal centres and four sub-nodal centres have been set up for the conduct this exam. A total of 4,31,904 candidates at 1089 centres in 73 districts of the state are scheduled to appear for the entrance exam.

The process of sanitising the examination halls and furniture at each centre was done on Saturday. "To supervise the process of sanitisation at each examination center in the correct manner, a dedicated officer had been appointed. The entire activity of sanitisation has been accomplished under the supervision and guidance of special officer. In addition, hand sanitisers, masks and thermal scanners have also been provided at each centre in the state. Necessary arrangements have been made for all the candidates to take the exam with social distancing at all the centres.

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

82 केन्द्रों पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

केन्द्रों पर रहेगी सीसीटीवी की निगरानी : डीएम ने की वेबकांफ्रेंसिंग से अधिकारियों संग बैठक

लखनऊ (एसएनबी)। रविवार को होने वाली बीएड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए डीएम अभिषेक प्रकाश ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों और नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करके स्पष्ट कर दिया कि बिना मास्क के कोई भी परीक्षा में बैठने न पाये। उन्होंने सभी केन्द्रों पर मास्क रखने के निर्देश जारी कर दिये हैं। गूगल मीट पर वेबकॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात करते हुए डीएम ने बताया कि राजधानी में 82 केन्द्रों पर बीएड परीक्षा होगी। इस दौरान कोविड दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा। बिना मास्क के कोई अभ्यर्थी परीक्षा नहीं दे सकेगा।

जरूरी दिशा निर्देश दिए
- प्रत्येक केन्द्र पर 200 मास्क रखे जाएंगे
- बिना मास्क के परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं

उन्होंने बताया कि सभी केन्द्रों पर दो-दो पर्यवेक्षक तैनात किए गए है। केन्द्रों पर 200-200 मास्क रखे जाएंगे। यदि कोई परीक्षार्थी भूलवश मास्क नहीं पहना है तो उसको इनमें से मास्क पहनने को दिया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक।

दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। लखनऊ में 35 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा से एक दिन पहले शाम को सभी केन्द्रों के परिसर, परीक्षा कक्ष और फर्नीचर को सैनिटाइज किया जाएगा। इसके बाद केन्द को लॉक कर दिया जाएगा। प्रत्येक केन्द्र पर परीक्षार्थी के मोबाइल जमा कराने के लिए लिफाफे रखे जाएंगे। डीएम ने बताया कि सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। बैठने की व्यवस्था सभी केन्द्रों पर फ्लैक्स छपवा कर होर्डिंग के रूप में लगाया जाएगा जिससे आसानी से पढ़ने में आ जाए। साथ ही 10 प्रतिशत अतिरिक्त कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था की जाएगी, जिससे सामाजिक दूरी का पालन किया जा सके।

आज जारी रहेगा सार्वजनिक यातायात

लखनऊ। शनिवार और रविवार को दो दिनों की पूर्ण बंदी लागू है, लेकिन बीएड परीक्षा को देखते हुए सार्वजनिक यातायात को चालू रखा जाएगा। इसके अलावा शराब की दुकानों को भी खोलने की अनुमति पहले की तरह जारी रहेगी। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश के मुताबिक संक्रमण और नहीं फैले इसके लिए प्रशासन पाबंदिया लगा रहा है। जरूरी तो ही बाहर नहीं निकलें केवल इमरजेंसी में पुलिस प्रशासन की अनुमति लेकर ही अपना जरूरी काम करें।

AMRIT VICHAR PAGE 2

एक नजर

दो घंटे की अवधि के तैयार हो रहे पेपर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षा तैयारिया जोर शोर से चल रही हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों की ओर से प्रश्न पत्र तैयार किए जा रहे हैं। प्रश्नपत्र की समय अवधि दो घंटे निर्धारित की गयी है। साथ ही यह भी निर्देश दिए गये हैं कि 20 अगस्त तक पेपरों के दो सेट तैयार कर लिए जाये ताकि पहले सेट में किसी भी प्रकार की गड़बडी मिलने पर दूसरे सेट का इस्तेमाल किया जा सके।

20 विभागों ने तैयार किए गये पेपर कुलपति ने बताया कि 20 विभाग ऐसे है। जिन्हें प्रश्नपत्र तैयार कर लिए है। उन्होंने बताया कि सभी पेपरों की री चेकिंग करायी जा रही है, ताकि किसी भी प्रश्न में कोई त्रुटि न रह जाये।

कोविड-19 की गाइडलाइन का होगा पालन

कुलपति ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं एमसीक्यू प्रणाली पर आयोजित कराएगा। इस दौरान कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन भी किया जायेगा। परीक्षाओं का आयोजन सितम्बर प्रथम सप्ताह से किया जाना है।

दो पालियों में बीएड प्रवेश परीक्षा 73 जिलों में आज

परीक्षा में शामिल होंगे चार लाख 31 हजार परीक्षार्थी, जिलाधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा

अमृत विचार लखनऊ

सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए हुए बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन लखनऊ समेत यूपी के 73 जिलों में किया आज किया जायेगा। परीक्षा शुरू होने से पहले शनिवार को सभी अधिकारियों से साथ लखनऊ में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश बैठक कर सभी तैयारियों की समीक्षा की तो वहीं जिले स्तर पर भी बीएड कोआर्डिनेटर ने सभी केन्द्राध्यक्षों से संपर्क कर स्थिति का जायजा लिया और केन्द्रों का सैनिटाइजेशन कराये जाने का निर्देश दिया गया।

बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान 14 नोडल केन्द्रों से निगरानी की जायेगी। इसके साथ ही 4 उप नोडल केन्द्र भी बनाये गये हैं। सभी नोडल प्रभारियों के लिए दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि प्रदेश के 73 जनपदों में 1089 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 431904 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु प्रदेश सरकार, जिला-प्रशासन के साथ तालमेल बनाते हुए, वर्तमान में कोविड-19 के कारण बदली हुई परिस्थितियों के दृष्टिगत, अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए सभी प्रोटोकाल का पालन किया जायेगा। परीक्षा में निगरानी के लिए सचल दल भी तैनात किए गये है। बता दें कि कोरोना काल में महाविद्यालय शिक्षक की ओर से परीक्षा टालने की मांग गयी थी लेकिन शिक्षकों की मांग को नहीं माना गया।

प्रवेश पत्र रखे साथ में, उंगलियों के लिए जायेंगे निशान

परीक्षा के समय प्रत्येक परीक्षार्थी की पहचान के लिए उसकी अंगुलियों के निशान भी लिये जायेंगे और उसके द्वारा आवेदन करते समय दिये गये उंगलियों के निशान से इनका मिलान किया जायेगा। वहीं प्रवेश पत्र पर साफ फोटो दिखे ऐसा प्रिंट परीक्षार्थियों के पास होना चाहिए।

आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस अलर्ट, नियंत्रण कक्ष से निगरानी

पहली बार आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग करते हुए अभ्यर्थी के चेहरों के कुल 27 स्थानों की सूचनाओं को डिजिटल डेटा में बदलकर, इनकी चारों दिशाओं में जांच करेगा और प्रत्येक अभ्यर्थी की 13 विशिष्ट व व्यक्तिगत विशेषताओं, यथा उसके बाल, चश्मा, आयु, लिंग इत्यादि को सम्मिलित कर परीक्षण करेगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई है जो आडियों रिकार्डिंग भी करेगा।

लखनऊ में 82 केंद्रो पर होगी परीक्षा

वहीं लखनऊ बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए 82 केन्द्र बनाये गये हैं। लखनऊ नोडल प्रभारी प्रो. ध्रुव सेन सिंह बातचीत में बताया कि डीएम अभिषेक प्रकाश व अन्य अधिकारियों एडीएम ट्रांस गोमती, एसीएम चतुर्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से नामित उप समन्वयक मनोज यादव व राजेश सिंह की ओर से परीक्षा संपन्न करायी जायेगी। जिलाधिकारी लखनऊ को ऑन बोर्ड लेते हुए बीएड कंद्र के केंद्राध्यक्षों के साथ वीडियो मीटिंग भी और सभी को पारदर्शिता पर खास फोकस करने के लिए दिशा निर्देश भी जारी किए गये।

20 अगस्त प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने के निर्देश

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एकेटीयू की ओर से प्रयोगात्मक परीक्षाएं समय से पूरा कराये जाने का निर्देश सभी कॉलेजों को जारी किया गया है। ऑनलाइन शुरू हुई परीक्षा की निगरानी में कोई लापरवाही न हो इस पर विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। अधिकारियों ने बताया की सभी कॉलेजों को 20 अगस्त तक परीक्षाएं करा लेनी होगी ताकि समय से रिपोर्ट दी जा सके। अधिकारियों ने बताया कि एकेटीयू बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों का वाइवा और प्रयोगात्मक परीक्षाएं चल रही हैं एक बैच में चार से पांच छात्रों की परीक्षाएं ली जाएंगी। एकेटीयू ने परीक्षाओं को लेकर कॉलेजों को गाइडलाइन पहले भी जारी की थी। डीन यूपी प्रो. सुबोध वैरिया ने बताया कि छात्रों को सिर्फ एक ही प्रायोगात्मक प्रोजेक्ट प्रस्तुत करना होगा। इसी के आधार पर वाइवा भी होगा। प्रो. वैरिया ने बताया कि परीक्षकों की सूची कॉलेजों को भेज दी गई है। संस्थान अपना आंतरिक परीक्षक नियुक्त करके भी छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षा जल्दी करवा ले।

परीक्षक अनुपस्थित हो तो विश्वविद्यालय के दे सूचना

इसके साथ ही किसी भी कॉलेज में अगर परीक्षक उपस्थित नहीं होता है इसकी सूचना समय से कॉलेजों की ओर से विश्वविद्यालय को देनी होगी। इसके साथ ही प्रोजेक्ट थीसिस में छात्रों को प्रयोगशाला व बाहरी प्रोजेक्ट न दिए जाने के निर्देश हैं। छात्र सिर्फ सॉफ्टवेयर आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। कोई छात्र परीक्षा में उपस्थित नहीं हो पाता है तो वह अपनी परीक्षा कॉलेज खुलने पर दे सकेगा लेकिन इसके लिए उसे स्पष्टीकरण देना होगा।

लखनऊ विवि में अब नहीं बढ़ेगी आवेदन की तिथि

अमृत विचार लखनऊ

विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ की स्थिति, 17 अगस्त तक होंगे आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि अब नहीं बढ़ेगी। इस बारे में विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि छात्रों के पास आवेदन करने का अंतिम मौका सिर्फ 17 अगस्त तक है। उन्होंने बताया किकोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय में अब प्रवेश परीक्षा के बजाए स्नातक व परास्नातक कोर्सों में मेरिट के आधार पर दाखिले की प्रक्रिया की जाएगी।

प्रवेश समिति के निर्णय के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने दाखिलों को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। छात्रों को दाखिले से जुड़े अपने सभी अभिलेख स्वयं सत्यापित करके विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना होंगे। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जो छात्र पहले आवेदन कर चुके हैं। उनको अपनी स्वयं सत्यापित दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड करना होंगे। जो छात्र अपने दस्तावेज अपलोड नहीं करेंगे। उनको दाखिले की प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा। इसके अलावा जांच में किसी छात्र के दस्तावेज, जाति व अन्य प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए तो उसे दाखिला नहीं दिया जाएगा। इससे पहले नेशनल पीजी कॉलेज भी अपने यहां मेरिट के आधार पर दाखिले लिए जाने का एलान कर चुका है। यह आवेदन का शिड्यूलबीए, बीएससी, बीकॉम, एलएलबी 'पांच वर्षीय, बीएफए, बीजेएमसी, बीबीए, बीबीए 'आईबी, बीबीए 'एमएस व बीबीए टूरिज्म के आवेदन की अंतिम तिथि 17 अगस्त है जबकि दस्तावेज अपलोड की तिथि 20 अगस्त है।

HINDUSTAN TIMES PAGE 2

AI-based tech to deter imposters from B Ed entrance exam today

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

LUCKNOW: Face-detection system and artificial intelligence (AI)-based technology will be in place to prevent imposters from appearing in the B Ed joint entrance examination on Sunday.

The objective is to maintain the sanctity of the examination in which more than 4.31 lakh candidates are expected to appear, said Lucknow University vice-chancellor AK Rai. The university is conducting the examination in 73 districts.

"Many times, instead of the actual candidate, someone else sits for the test. To prevent this malpractice, an innovative face-detection system is being used using Sir-in-Azure with the use of artificial intelligence," said Rai. "The technology will convert the candidate's face into digital data. They will examine them from all four directions and will test each candidate with their personal characteristic features, such as hair, glasses, age, gender, etc. No wrong person will be able to appear in the examination in place of the actual candidate," said the vice-chancellor, who is also the chairman of B Ed joint entrance examination.

He said that CCTV cameras with a router have been installed at each examination centre, which will also record audio. "The entire examination will be web-cast. For this, a control room with 100 laptops has been created at Lucknow University, from where every candidate will be closely monitored," Rai said.

▪ An exam centre being sanitised on the eve of the UP B Ed entrance exam-2020 in Prayagraj on Saturday. HT PHOTO

At 1,089 examination centres in 73 districts of the state, 4,31,904 candidates will take the test. The vice-chancellor said all arrangements have been made. In view of the changed circumstances due to Covid-19, all protocols and instructions for the safety of the candidates are being fully implemented, he said.

The entrance exam will be held in two shifts, first shift from 9 am to 12 noon and second shift from 2 pm to 5 pm. Candidates have been advised to report to their examination centre at least an hour before the examination commences.

The vice-chancellor said separate disposable strips will be used to take the fingerprints of candidates for the purposes of marking attendance.

These strips will be placed on the fingerprint reader, to prevent candidates from touching the machine again and again, thus negating the probability of infection transfer.

For the convenience of examinees, all public private modes of transport such as tempo, taxi, Ola, Uber, private and government buses, etc will continue to run on August 9. All candidates have been instructed to travel with their admit cards.

The vice-chancellor said that the university is fully aware of the candidates' safety and health and all arrangements have been completed.

Candidates are requested to follow rules for their personal safety, to observe social distancing, and to carry masks, sanitisers, water and food items to the examination centre.